Received Through Email, Dt. 25.03.25

(49)

अभियंता प्रमुख का कार्यालय

ग्रामीण कार्य विभाग

**सकारण आदेश**

25 MAR 2025

संवेदक Vikash Kumar Pandey, **(Regd No- 1220038)**, At- Mahendra Colony, Banuchhaper, West Champaran, Bihar, Pincode: 845438 द्वारा कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज अंतर्गत शीर्ष MMGSUY अन्तर्गत (टेन्डर आई0डी0 सं0–133316) निविदा में डाली गई बेरोजगार अभियंता के शपथ पत्र में श्री रजनीश कुमार पिता–श्री भूषण पाण्डेय, ग्राम–महना कुल, पो0+थाना–चनपटिया, जिला–पश्चिम चम्पारण का नाम दिया गया था जो कि सत्यापन में वर्ष–2022 से बेगूसराय जिला के थाना नं0–452 मौजा–जितवारपुर में अमीन के पद पर कार्यरत पाये गए। इस प्रकार उक्त निविदा में फर्जी कागजात अपलोड करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज के पत्रांक–2190 अनु0 दिनांक–14.11.2024 एवं नोडल पदाधिकारी MMGSUY के गै0स0प्रे0सं0–59 अनु0 दिनांक–05.12.2024 द्वारा संवेदक के उपर बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के आलोक में Blacklist की कार्रवाई की अनुशंसा की गई।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में अपना पक्ष रखने हेतु संवेदक से विभागीय पत्रांक–3758 दिनांक–20.12.2024 द्वारा 15(पन्द्रह) दिनों के अंदर स्पष्टीकरण पृच्छा की गई।

उक्त के आलोक में संवेदक का रेफरेंस नं0–03 एवं 04 क्रमशः दिनांक–02.01.2025 एवं 25.01.2025 द्वारा कार्यपालक अभियंता का पत्र अनुलग्नक सहित उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। जिसके आलोक में विभागीय पत्रांक–255 अनु0 दिनांक–17.01.2025 एवं पत्रांक–483 अनु0 दिनांक–31.01.2025 के द्वारा संवेदक को कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज का पत्रांक–2190 अनु0 दिनांक–14.11.2024 अनुलग्न सहित उपलब्ध कराते हुए 15(पन्द्रह) दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया।

उक्त स्पष्टीकरण के आलोक में संवेदक का रेफरेंस नं0–07 दिनांक–11.02.2025 द्वारा अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराया गया। जिसमें कहा गया कि अभियंता श्री रजनीश कुमार संविदा पर अमीन के पद पर कार्यरत है जो मेरे ग्रामीण भी हैं और कभी भी छुट्टी पर आते है तो मेरे कार्य को देखते हैं तथा संविदा पर कार्यरत कर्मी सरकारी सेवक नहीं माने जाते हैं तो ऐसी स्थिति में कार्यपालक अभियंता का अनुशंसा विचारणीय नहीं है। निविदाकार से प्राप्त स्पष्टीकरण के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नरकटियागंज से विभागीय पत्रांक–920 अनु0 दिनांक–04.03.2025 से मंतव्य की मांग की गई। कार्यपालक अभियंता द्वारा पत्रांक–458 दिनांक–10.03.2025 से मंतव्य उपलब्ध कराया गया जिसमें निविदाकार की बातों को दोहराते हुए श्री विकास कुमार पाण्डेय के स्पष्टीकरण पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की अनुशंसा की गई।

संवेदक से प्राप्त स्पष्टीकरण उत्तर एवं कार्यपालक अभियंता से प्राप्त मंतव्य की समीक्षा विभागीय स्तर पर की गई एवं समीक्षोपरान्त इसे स्वीकार योग्य नहीं पाया गया। इस प्रकार स्पष्ट है कि निविदाकार द्वारा तथ्यों को छुपाकर निविदा में भाग लिया गया है।

अतः निविदाकार से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए विभागीय समीक्षोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 कि कंडिका 11 (क) (ix) के आलोक में Vikash Kumar Pandey, At- Mahendra Colony, Banuchhaper, West Champaran, Bihar, Pincode: 845438 के **निबंधन संख्या–1220038** को अगले 03(तीन) वर्षो के लिए Blacklist किया जाता है।

(निर्मल कुमार)

अभियंता प्रमुख

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना
डायरी सं0 1098
26.03.2025

ज्ञापांकः–मु0अ0(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–88 / 2024-1152 / पटना, दिनांकः–25/03/

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना / उर्जा विभाग, बिहार, पटना / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 24/3/25

ज्ञापांकः– मु0अ0(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–88 / 2024-1152 / पटना, दिनांकः–25/03/2

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 24/3/25

ज्ञापांकः– मु0अ0(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–88 / 2024-1152 / पटना, दिनांकः–25/03/

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 24/3/25

ज्ञापांकः– मु0अ0(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–88 / 2024-1152 / पटना, दिनांकः–25/03

प्रतिलिपिः– संवेदक Vikash Kumar Pandey, (Regd No- 1220038), At- Mahendra Colony, Banuchhaper, West Champaran, Bihar, Pincode: 845438 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 24/3/25